# झूम झूम नाचे देखो बजरंग बाला भजन लिरिक्स

झूम झूम नाचे देखो बजरंग बाला,
बजरंग बाला,
श्री राम का सेवक माँ अंजनी का लाला,
जिसने रावण को डराया,
सीता मां का पता लगाया,
जिसने लंका को चूर-चूर कर डाला,
झूम झूम नाचे देखो बजरंग बाला,
बजरंग बाला,
श्री राम का सेवक माँ अंजनी का लाला।bd।

तर्ज – लाल लाल चुनरी सितारों वाली।

---

लगी लक्ष्मण को शक्ति महान देखो,
भरके हुंकार उड़ गए हनुमान देखो,
द्रोणगिरी पर्वत को काबू करने वाला,
द्रोणगिरी पर्वत को काबू करने वाला,
श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला।bd।

---

कहते हनुमत वो वस्तु है किस काम की,
जिसमें दिखती छवि ना मेरे राम की,
सारे मणके फेंक दिए हैं तोड़ी माला,
सारे मणके फेंक दिए हैं तोड़ी माला,
श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला।bd।

---

विभीषण बोले आज सरेआम देखूं,
क्या तेरे मन में बसे मैं श्री राम देखूं,
सीना फाड दिखाया ना गड़बड़ घोटाला,
सीना फाड दिखाया ना गड़बड़ घोटाला,
श्री राम का सेवक मां अंजनी का लाला।bd।

---

ये बल बुद्धि के सागर तू नाम लिए जा,
खुश होंगे हनुमान राम राम किए जा,
इनकी कृपा से खुलता किस्मत का ताला,
इनकी कृपा से खुलता किस्मत का ताला,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

झूम झूम नाचे देखो बजरंग बाला,
बजरंग बाला,
श्री राम का सेवक माँ अंजनी का लाला,
जिसने रावण को डराया,
सीता मां का पता लगाया,
जिसने लंका को चूर-चूर कर डाला,
झूम झूम नाचे देखो बजरंग बाला,
बजरंग बाला,
श्री राम का सेवक माँ अंजनी का लाला।bd।

**Singer & Lyrics – Sagar Prince**
**8950936006**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com